भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
आतारंकित प्रश्न संख्या: 3334
उत्तर देने की तारीख: 09.12.2019

एम्पावर

†3334. डॉ॰ वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आईआईटी दिल्ली और माइक्रोसॉफ्ट ने एक 'एम्पावर' नामक सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी की है जिसमें सहायक प्रौद्योगिकीयों के सृजन और निर्माण तथा इसे करने की चुनौतियों को रेखांकित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार करने के लिए शोधर्थियों, तकनीकीविदों तथा नीति-निर्माताओं को एक साथ लाया जाएगा;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें कितनी प्रगति हुई है; और
(ग) क्या सरकार का निःशक्तजनों के समक्ष आ रही चुनौतियों का समाधन करने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसमें कितनी प्रगति हुई है एवं यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): आईआईटी दिल्ली द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, "एम्पावर 2019" का आयोजन आईआईटी दिल्ली द्वारा 14-17 अक्टूबर, 2019 के दौरान सोनीपत हरियाणा में आई-टेक आईआईटी दिल्ली केंद्र में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की साथ साझेदारी में आयोजित किया गया था। सम्मेलन का विवरण लिंक http://assistech.iitd.ernet.in/empower2019/ में उपलब्ध है।

(ग): केंद्रीय रूप में वित्त पोषित तकनीकी संस्थाए, दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए अनुसंधान कर रही हैं। सरकार आईआईटी में अवरस्नातक कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी छात्रों को शुल्क में पूरी छूट प्रदान कर रही है।

*****